पन्ना : लोकायुक्त पुलिस ने की कार्रवाई

47 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ाया पटवारी

पन्ना@ पत्रिका. केन-बेतवा लिंक परियोजना के दौधन बांध निर्माण से डूब क्षेत्र में आ रही जमीन के एवज में मिलने वाली मुआवजा राशि बढ़ने के साथ ही रिश्वतखोरी का मामला सामने आया है। लोकायुक्त पुलिस सागर ने गुरुवार को पटवारी संतोष कुमार चिकवा को 47 हजारकी रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। लोकायुक्त के अनुसार ग्राम गहदरा निवासी रामगोपाल आदिवासी के परिवार की जमीन दौधन बांध के डूब क्षेत्र में आने के कारण शासन ने विस्थापन, पुनर्वास एवं पुर्नस्थापना के लिए 2 लाख 19600 रुपए की अनुदान राशि स्वीकृत की थी। राशि कम होने पर की गई अपील के बाद परिवार के सदस्यों के बैंक खातों में 63989 रुपए की बढ़ी हुई राशि भी पहुंची। इसी बीच रामगोपाल की दादी रतिया बाई की मृत्यु हो चुकी थी। उनकी जमीन की मुआवजा राशि भी परिवार के सदस्यों के खातों में आनी थी। इसके लिए रतिया बाई का मृत्यु प्रमाण पत्र बनना था जिसमें पटवारी प्रतिवेदन आवश्यक था। आरोप है कि पटवारी चिकवा ने परिवार के खातों में आई डूब क्षेत्र की राशि के एवज में और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए 80 हजार रिश्वत मांगी।

सभी विभागों में 30 सितंबर तक लागू होंगे ई-एचआरएमएस व डीई पोर्टल, कर्मचारी ऑनलाइन देख सकेंगे जीपीएफ, अवकाश विवरण

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



भोपाल. सरकार ने प्रदेश के शासकीय सेवकों के लिए ई-एचआरएमएस एवं विभागीय जांच प्रकरणों के प्रबंधन के लिए डीई पोर्टल से संबंधित प्रकरणों के एंड-टू-एंड ऑनलाइन वर्कफ्लो की सुविधा प्रदान किए जाने का निर्णय लिया है। इसके तहत सभी विभागों द्वारा इन दोनों पोर्टलों को अपनाया जाएगा। यह आइएफएमआइएस स्पैरो एवं अन्य कर्मचारी-संबंधी पोर्टलों के साथ भी एकीकृत है। जीएडी ने सभी विभागों को इनका प्रभावी क्रियान्वयन करने विभागवार प्रशिक्षण एवं पोर्टलों की मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने इन पोर्टलों को सभी विभागों एवं उनके अधीनस्थ क्षेत्रीय कार्यालयों में अपनाए जाने के निर्देश दिए हैं। नियुक्ति से सेवानिवृत्ति तक कर्मचारियों के संपूर्ण सेवा-जीवन चक्र का सुव्यवस्थित एवं एकीकृत प्रबंधन सुनिश्चित होगा। अवकाश, भ्रमण, सूचनाओं एवं अन्य सेवा-संबंधी अनुमतियों के निराकरण में समय एवं कार्यभार में कमी आएगी तथा निर्णय प्रक्रिया तेज एवं पारदर्शी होगी। पदोन्नति, परिवीक्षाधीन अधिकारियों,कर्मचारियों की सेवाओं की पुष्टि एवं अन्य स्थापना-संबंधी प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण में सुविधा होगी।

सेवा संबंधी समस्त जानकारी ऑनलाइन

प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी को अपनी सेवा संबंधी समस्त जानकारी, जैसे सेवा-वृत्त, जीपीएफ शेष राशि, वेतन पर्ची, अवकाश विवरण आदि का समेकित डिजिटल प्रोफाइल उपलब्ध होगा। वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन के प्रबंधन एवं अनुश्रवण की प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित होगी। विभागीय जांच प्रकरणों के पंजीयन से अंतिम निर्णय तक उनकी ऑनलाइन ट्रैकिंग की प्रभावी व्यवस्था उपलब्ध होगी।

जंगल लौटने से पहले वन विहार में सीखेगी जीने का हुनर



दमोह. वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व की करीब 20 माह की बाघिन दो माह के उपचार के बाद पूरी तरह स्वस्थ हो गई है। अब उसे जंगल में छोड़ने के बजाय भोपाल के वन विहार भेजने की तैयारी है। यहां विशेषज्ञ उसके व्यवहार, शिकार करने की क्षमता और प्राकृतिक वातावरण में रहने की दक्षता का आकलन करेंगे। इसके बाद उसे नौरादेही के जंगल में वापस छोड़ने पर निर्णय लेंगे।

एसजीएसआइटीएस

ट्रेंडिंग न्यूज

जर्मन-फ्रेंच सीखने 11 से शुरू होगा कोर्स

इंदौर. श्री गोविंदराम सेकसरिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (एसजीएसआइटीएस) में नई पहल की जा रही है। संस्थान के भाषा प्रकोष्ठ की ओर से जर्मन और फ्रेंच भाषा में प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम 11 सितंबर से शुरू किए जा रहे हैं। 80 से ज्यादा विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है।

इंदौर



शास्त्री ब्रिज तोड़ने से पहले बनेगा सामानांतर ब्रिज

इंदौर. शास्त्री ब्रिज को तोड़ने से पहले सामानांतर ब्रिज बनाया जाएगा। शास्त्री ब्रिज को तोड़ने से वाहन चालकों को होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए सामानांतर ब्रिज बनाने की योजना बनाई गई है। सिंहस्थ-2028 के मद्देनजर पहले समानांतर ब्रिज बनाया जाएगा। सांसद शंकर लालवानी ने गुरुवार को आइडीए में रेलवे अफसरों व आइडीए अधिकारियों के साथ बैठक की।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India

अचल संपत्तियों का विक्रय नोटिस ई-नीलामी दिनांक- 22/10/2026

क्षेत्रीय कार्यालय छिंदवाड़ा - विवेकानंद कालोनी, साईं मंदिर के पास, नागपुर रोड, छिंदवाड़ा 480001 (म.प्र)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/भौतिक कब्जा (नीचे वर्णित) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है, जिस प्रकार है, एवं दायित्व रहित" के आधार पर निम्नलिखित देनदारों, प्रत्याभूति-दाता तथा जमानतदारों से प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा बेचे जाने हेतु विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :

(ई-नीलामी दिनांक. 22/10/2026 एवं समय दोपहर 12.30 बजे से सायं. 5.00 बजे तक, प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार पर।)

क्र.	ऋण खाता/ ऋणी/ प्रत्याभूति-दाता/ जमानतदार एवं संबंधित शाखा	मांग सूचना दिनांक आधिपत्य दिनांक बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार)	साम्यबंधक अचल संपत्तियों का विवरण/ कब्जे का प्रकार	आरक्षित मूल्य / अग्रिम धरोहर जमा राशि / बिड वृद्धि राशि
1	श्री उत्तम साहू पिता श्री दुबेलाल साहू (उधारकर्ता/संपत्ति बंधककर्ता) पता - वार्ड नं. 7, बसंत कॉलनी, नरसिंगपुर रोड, छिंदवाड़ा - 480001 (म.प्र.) संबंधित शाखा: छिंदवाडा अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - शा.प्र. 8226003772	11/08/2025 10/11/2025 रु. 2,09,56,977.00 + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय	साम्य बंधक भूमि - श्री उत्तम साहू पिता श्री दुबेलाल के नाम से संपत्ति, बी.न. 516, पी. एच.न. 23, खसरा क्रमांक 319/1 (उत्परिवर्तन के बाद 319/3), क्षेत्रफल 0.202 हेक्टेयर, महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड नंबर 9, मौज़ा - लहगडुआ, तहसील एवं जिला छिंदवाड़ा, (म.प्र.) संपति का स्वामी :- श्री उत्तम साहू पिता श्री दुबेलाल साहू (संपत्ति बंधककर्ता) जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है :-उत्तर :- सरकारी जमीन और उत्तम साहू की भूमि, दक्षिण :- पप्पु की भूमि, पूर्व :- विक्रेता की भूमि, पश्चिम :- संतोष की भूमि सांकेतिक कब्जा	रू. 18,00,000/- रू. 1,80,000/- रू. 20,000/-
2	1. श्रीमती प्रेमलता साहू पति श्री उत्तम साहू (उधारकर्ता / संपत्ति बंधककर्ता) पता - वार्ड नं. 7, बसंत कॉलनी, नरसिंगपुर रोड, छिंदवाड़ा - 480001 (म.प्र.) 2. श्री उत्तम साहू पिता श्री दुबेलाल साहू (गारन्टीदाता / संपत्ति बंधककर्ता) पता - वार्ड नं. 7, बसंत कॉलनी, नरसिंगपुर रोड, छिंदवाड़ा - 480001 (म.प्र.) संबन्धित शाखा: छिंदवाडा अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - शा.प्र. 8226003772	11/08/2025 10/11/2025 रु. 3,08,78,185.00 + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय	संपत्ति क्रमांक 1:- साम्य बंधक भूमि श्री उत्तम साहू पिता श्री दुबेलाल साहू एवं श्रीमती प्रेमलता साहू पति श्री उत्तम साहू के नाम से आवासीय परिवर्तित भूमि, खसरा क्रमांक 2141/2,2144/2,2141/1 एवं 2144/1 (उत्परिवर्तन के बाद 2141/48 एवं 2144/47) बी.न.177, पी. एच.न. 22/19, क्षेत्रफल 2400 वर्गफीट, रा. नि.म. छिंदवाड़ा 1, तहसील एवं जिला छिंदवाड़ा, (म.प्र.) संपति का स्वामी :- श्री उत्तम साहू पिता श्री दुबेलाल साहू एवं श्रीमती प्रेमलता साहू पति श्री उत्तम साहू (संपत्ति बंधककर्ता) जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है :-उत्तर :- गुप्ता जी का मकान, दक्षिण :- रास्ता, पूर्व :- रास्ता, पश्चिम :- विक्रेता की शेष भूमि सांकेतिक कब्जा	रू. 1,06,05,000/- रू. 10,60,500/- रू. 1,00,000/-
3.	1. श्री उत्तम साहू पिता श्री दुबेलाल साहू (उधारकर्ता / संपत्ति बंधककर्ता) पता - वार्ड नं. 7, बसंत कॉलनी, नरसिंगपुर रोड, छिंदवाड़ा - 480001 (म.प्र.) 2. श्रीमती प्रेमलता साहू पति श्री उत्तम साहू (उधारकर्ता / संपत्ति बंधककर्ता) पता - वार्ड नं. 7, बसंत कॉलनी, नरसिंगपुर रोड, छिंदवाड़ा - 480001 (म.प्र.) संबन्धित शाखा: छिंदवाडा अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - शा.प्र. 8226003772	11/08/2025 10/11/2025 रु. 1,80,41,555.00 + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय	साम्यिक बंधक भूमि श्री उत्तम साहू पिता श्री दुबेलाल साहू एवं श्रीमती प्रेमलता साहू पति श्री उत्तम साहू के नाम से आवासीय परिवर्तित संपत्ति, खसरा क्रमांक 2141/2, 2144/2, 2141/1 एवं 2144/1 (उत्परिवर्तन के बाद 2141/48 एवं 2144/47) ब.न.177, प. ह.न. 22/19, क्षेत्रफल 2400 वर्गफीट, ग्राम - छिंदवाड़ा, सर्किल छिन्दवाड़ा - I, तहसील एवं जिला छिंदवाड़ा, (म.प्र.) संपत्ति का स्वामी :- श्री उत्तम साहू पिता दुबे लाल साहू एवं श्रीमति प्रेमलता साहू पति उत्तम साहू (संपत्ति बंधककर्ता) जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है :-उत्तर :- गुप्ता जी का मकान, दक्षिण :- सीमेंट रोड, पूर्व :- सीमेंट रोड, पश्चिम :- विक्रेता की शेष भूमि सांकेतिक कब्जा	रू. 1,06,05,000/- रू. 10,60,500/- रू. 1,00,000/-
4.	1. मेसर्स. बालाजी अग्रो इंडस्ट्रीज (उधारकर्ता / संपत्ति बंधककर्ता) पता - हिंदुस्तान लीवर के पास में, नरसिंगपुर रोड, कुसमेली, छिंदवाड़ा 480001 (म.प्र.) साझेदार- i. श्रीमती प्रेमलता साहू पति श्री उत्तम साहू, ii. श्री उत्तम साहू पिता श्री दुबेलाल साहू पता - वार्ड नं. 7, बसंत कॉलनी, नरसिंगपुर रोड, छिंदवाड़ा - 480001 (म.प्र.) गारन्टीदाता / संपत्ति बंधककर्ता- 1. श्री उत्तम साहू पिता श्री दुबेलाल साहू 2. श्रीमती प्रेमलता साहू पति श्री उत्तम साहू पता - वार्ड नं. 7, बसंत कॉलनी, नरसिंगपुर रोड, छिंदवाड़ा - 480001 (म.प्र.) 3. श्रीमति लीलाबाई साहू पति श्री कस्तुरचंद साहू पता - पटेल कॉलनी, पोला मैदान, पटेल भवन के पास, छिंदवाड़ा - 480001 (म.प्र.) संबन्धित शाखा: छिंदवाडा अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - शा.प्र. 8226003772	11/08/2025 10/11/2025 रु. 8,80,54,918.75 + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय	संपत्ति क्रमांक 1:- साम्यिक बंधक भूमि :- श्रीमति प्रेमलता साहू पति उत्तम साहू के नाम से औद्योगिक रुप से परिवर्तित भूमि, ब.न. 69, प.ह. न.23, खसरा क्रमांक 89/5 क्षेत्रफल 0.405 हेक्टैयर, ग्राम :- कुसमेली, सर्कल छिन्दवाड़ा - I, तहसील एवं जिला छिंदवाड़ा, (म. प्र.) संपत्ति का स्वामी :- श्रीमति प्रेमलता साहू पति उत्तम साहू (संपत्ति बंधककर्ता) जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है :- उत्तर :- घनश्याम दास की भूमि, दक्षिण:- बरसाती नाला, पूर्व :- हिंदुस्तान लीवर एवं नाला, पश्चिम :- छिंदवाड़ा नरसिंगपुर मुख्य मार्ग संपत्ति क्रमांक 2:- साम्यिक बंधक भूमि - श्रीमति प्रेमलता साहू पति उत्तम साहू के नाम से आवासीय खुली भूमि, ब.न. 177, प. ह. न. 22, सर्कल छिन्दवाड़ा - I, खसरा नंबर 2520/3, क्षेत्रफल : 3218.50 वर्ग फीट, वार्ड क्रमांक - 6, नेताजी सुभाष चन्द्र वार्ड, सिवनी प्राणमोती रोड, तहसील एवं जिला छिन्दवाड़ा, (म.प्र.) संपत्ति का स्वामी :- श्रीमति प्रेमलता साहू पति उत्तम साहू (संपत्ति बंधककर्ता) जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है :-उत्तर :- रोड, दक्षिण :- कॉलोनी का कच्चा रोड, पूर्व :- डॉ भोजक का मकान, पश्चिम :- श्री निर्मलचंद साहू का मकान संपत्ति क्रमांक 3:- साम्यिक बंधक भूमि - श्री उत्तम साहू पिता श्री दुबेलाल साहू के नाम से संपत्ति परिवर्तित खुली भूमि, ब.न. 516, प. ह. न. 23, आर.एन.एम.- छिन्दवाड़ा - I, खसरा क्रमांक 318/3, क्षेत्रफल 0.291 हेक्टेयर, ग्राम - लहगाडुआ, तहसील एवं जिला छिंदवाड़ा, (म.प्र.) संपत्ति का स्वामी :- श्री उत्तम साहू पिता श्री दुबेलाल साहू (संपत्ति बंधककर्ता) जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है :-उत्तर :- शासकीय भूमि और कच्चा रास्ता, दक्षिण :- श्रीमति भगवती बाई, संतोष एवं रज्जू की भूमि, पूर्व :- शासकीय भूमि एवं श्रीमती भगवती बाई की भूमि के मध्य की भूमि, पश्चिम :- विक्रेता की शेष भूमि सांकेतिक कब्जा	रू. 4,68,56,750/- रू. 46,85,675/- रू. 2,00,000/- रू. 98,44,250/- रू. 9,84,425/- रू. 1,00,000/- रू. 25,00,000/- रू. 2,50,000/- रू. 20,000/-
5.	मेसर्स. बालाजी इंडस्ट्रीज (प्रोप. श्रीमति प्रेमलता साहू पति- उत्तम साहू) (उधारकर्ता/संपत्ति बंधककर्ता) पता - हिंदुस्तान लीवर के पास में, नरसिंगपुर रोड, कुसमेली, छिंदवाड़ा 480001 (म.प्र.) श्रीमती प्रेमलता साहू पति श्री उत्तम साहू (प्रोप. मेसर्स. बालाजी इंडस्ट्रीज) पता - वार्ड नं. 7, बसंत कॉलनी, नरसिंगपुर रोड, छिंदवाड़ा - 480001 (म.प्र.) गारन्टीदाता / संपत्ति बंधककर्ता - 1. श्री उत्तम साहू पिता श्री दुबेलाल साहू पता - वार्ड नं. 7, बसंत कॉलनी, नरसिंगपुर रोड, छिंदवाड़ा - 480001 (म.प्र.) 2. श्रीमति लीलाबाई साहू पति श्री कस्तुरचंद साहू पता - पटेल कॉलनी, पोला मैदान, पटेल भवन के पास, छिंदवाड़ा - 480001 (म.प्र.) संबन्धित शाखा: छिंदवाडा अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - शा.प्र. 8226003772	11/08/2025 10/11/2025 रु. 21,08,30,884.00 + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय	संपत्ति क्रमांक 1:- साम्यिक बंधक भूमि :- श्रीमति प्रेमलता साहू पति उत्तम साहू के नाम से औद्योगिक रुप से परिवर्तित भूमि, ब.न. 69, प.ह. न.23, खसरा क्रमांक 89/5 क्षेत्रफल 0.405 हेक्टैयर, ग्राम :- कुसमेली, सर्कल छिन्दवाड़ा - I, तहसील एवं जिला छिंदवाड़ा (म. प्र.) संपत्ति का स्वामी :- श्रीमति प्रेमलता साहू पति उत्तम साहू (संपत्ति बंधककर्ता) जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है :- उत्तर :- घनश्याम दास की भूमि, दक्षिण :- बरसाती नाला, पूर्व :- हिंदुस्तान लीवर एवं नाला, पश्चिम :- छिंदवाड़ा नरसिंगपुर मुख्य मार्ग संपत्ति क्रमांक 2:- साम्यिक बंधक भूमि - श्रीमति प्रेमलता साहू पति उत्तम साहू के नाम से आवासीय खुली भूमि, ब.न. 177, प. ह. न. 22, सर्कल छिन्दवाड़ा - I, खसरा नंबर 2520/3, क्षेत्रफल : 3218.50 वर्ग फीट, वार्ड क्रमांक - 6, नेताजी सुभाष चन्द्र वार्ड, सिवनी प्राणमोती रोड, तहसील एवं जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.) संपत्ति का स्वामी :- श्रीमति प्रेमलता साहू पति श्री उत्तम साहू (संपत्ति बंधककर्ता) जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है :- उत्तर :- रोड, दक्षिण :- कॉलोनी का कच्चा रोड, पूर्व :- डॉ भोजक का मकान, पश्चिम :- श्री निर्मलचंद साहू का मकान संपत्ति क्रमांक 3:- साम्यिक बंधक भूमि - श्री उत्तम साहू पिता श्री दुबेलाल साहू के नाम से संपत्ति परिवर्तित खुली भूमि, ब.न. 516, प. ह. न. 23, आर.एन.एम.- छिन्दवाड़ा - I, खसरा क्रमांक 318/3, क्षेत्रफल 0.291 हेक्टेयर, ग्राम - लहगाडुआ, सर्कल छिन्दवाड़ा - I, तहसील एवं जिला छिंदवाड़ा (म.प्र.) संपत्ति का स्वामी :- श्री उत्तम साहू पिता श्री दुबेलाल साहू (संपत्ति बंधककर्ता) जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है:- उत्तर:- शासकीय भूमि और कच्चा रास्ता, दक्षिण :- श्रीमति भगवती बाई, संतोष एवं रज्जू की भूमि, पूर्व :- शासकीय भूमि एवं श्रीमती भगवती बाई की भूमि के मध्य की भूमि पश्चिम :- विक्रेता की शेष भूमि सांकेतिक कब्जा	रू. 4,68,56,750/- रू. 46,85,675/- रू. 2,00,000/- रू. 98,44,250/- रू. 9,84,425/- रू. 1,00,000/- रू. 25,00,000/- रू. 2,50,000/- रू. 20,000/-

इच्छुक बोली लगानें वाले / खरीददारों को नीलामी के उचित समय से पहले बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता M/s PSB Alliance Pvt. Ltd. के संबंधित ई-नीलामी वेब पोर्टल https://baanknet.com में रजिस्टेशन कर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को टांसफर करना होगा। यदि ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। नीलामी के पूर्व रजिस्टेशन, केवायसी दस्तावेजों का सत्यापन और वॉलेट में ईएमडी जमा अग्रिम रूप से किया जाना चाहिए। प्राधिकृत अधिकारी की जानकारी एवं सूचना के अनुसार संपत्तियों पर कोई अन्य भार नहीं है, फिर भी इच्छुक निविदाकर्ता अपनी निविदा जमा करने से पूर्व संपत्तियों से संबंधित किसी भी भार के विषय में संबंधित कार्यालय / विभाग से जानकारी प्राप्त करें। संपत्तियों से संबंधित निर्णय निविदादाता को स्वविवेक से लेना होगा। इच्छुक बोलीदाता ई-नीलामी बंद होने से पहले M/s PSB Alliance Pvt. Ltd. के पास प्री-बिड ईएमडी जमा कर सकता है। M/s PSB Alliance Pvt. Ltd. के बैंक खाते में भुगतान की प्राप्ति और ई-नीलामी वेबसाइट में इस तरह की जानकारी को अपडेट करने के बाद ही बोलीदाता को प्री-बिड ईएमडी का क्रेडिट दिया जाएगा। बैंकिंग प्रक्रिया के अनुसार इसमें कुछ समय लग सकता है और इसलिए बोलीदाताओं को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम समय में किसी भी समस्या से बचने के लिए बोली-पूर्व ईएमडी राशि अग्रिम रूप से जमा करें। ई-नीलामी 'जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है' के आधार पर एवं ऑनलाइन होगी। ई-नीलामी की प्रक्रिया बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता M/s PSB Alliance Pvt. Ltd. द्वारा संचालित की जावेगी। वेब पोर्टल: https://baanknet.com ऑनलाइन नीलामी बिक्री टेंडर दस्तावेज, ऑनलाइन ई-नीलामी निविदा फार्म, घोषणा पत्र, नियम एवं शर्तें वेबसाईट पर उपलब्ध है। विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिये गये सेंट्रल ऑफ इंडिया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाईट अर्थात www.centralbank.bank.in and https://baanknet.com देखें। क्षेत्रीय कार्यालय छिंदवाडा प्राधिकृत अधिकारी (मो.9109954645) से संपर्क कर सकते है। यह प्रकाशन ऋणियों/ प्रत्याभूति-दाता/ जमानतदार को सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन एवं तीस (30) दिनों की वैधानिक विक्रय सूचना है। संपत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय: 12.10.2026 से 16.10.2026 से सुबह 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक (पूर्व में लिए गए समय अनुसार)

कृते सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, प्राधिकृत अधिकारी

दिनांक: 11/09/2026

कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र, जबलपुर

क्रमांक/जशिके/स्था./2026/1762 जबलपुर, दिनांक : 10/09/2026

विकासखंड स्रोत समन्वयक एवं सहायक परियोजना समन्वयक के पदों की पूर्ति के संबंध में

सूचना

राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल के पत्र क्र. 4969 दिनांक 02.09.2026 के निर्देशानुसार विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एवं सहायक परियोजना समन्वयक के पदों की पूर्ति वर्तमान में रिक्त पद एवं भविष्य में रिक्त होने वाले पदों के लिये अर्हताधारी लोकसेवक जिनकी आयु 01.07.2026 की स्थिति में 56 वर्ष से अधिक न हो की लिखित परीक्षा के माध्यम से की जानी है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25.09.2026 है। विस्तृत विवरण कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र जबलपुर के सूचना पर चस्पा किया गया है।

जिला परियोजना समन्वयक
जिला शिक्षा केन्द्र, जबलपुर

पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश भोपाल

// सूचना //

क्रमांक/पुमु/2/चयन/स-3/660-A/2026

दिनांक 08/09/2026

म.प्र. पुलिस में प्रधान आरक्षक (कम्प्यूटर) एवं सहायक उप निरीक्षक (कम्प्यूटर) भर्ती वर्ष 2026 के अन्तर्गत प्रायोगिक परीक्षा हेतु पात्र उम्मीदवारों की प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 27.09.2026 को मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) भोपाल में आयोजित कराई जाना है।

पात्र अभ्यर्थी म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल की वेबसाईट esb.mp.gov.in पर जाकर प्रवेश पत्र एवं आवश्यक निर्देश डाउनलोड कर सकते है।

सहायक पुलिस महानिरीक्षक (चयन/भर्ती)
जी-18376/26 पुलिस मुख्यालय, भोपाल

" बच्चों की मुस्कान हैं अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल "

मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित

ए ब्लॉक, प्रथम तल, वन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

क्रमांक/वनो./40वीं आमसभा/2026/9764 भोपाल, दि. : 09.09.2026

40वां वार्षिक साधारण सम्मिलन हेतु सूचना

मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वनोपज संघ की 40वां वार्षिक साधारण सम्मिलन दिनांक 23.09.2026 को अपराह्न 01:15 बजे, 50 सीटर हॉल, द्वितीय तल, बी विंग, वन भवन, तुलसी नगर भोपाल, में सम्पन्न होगी।

म.प्र. माध्यम/128024/2026 प्रबंध संचालक

MPMETRO

मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन का संयुक्त उपक्रम)
एडमिन बिल्डिंग, सुभाष नगर मेट्रो रेल डिपो, भोपाल, मध्यप्रदेश-462023

भर्ती के लिए विज्ञापन

मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (MPMRCL), भारत सरकार और मध्यप्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम, भोपाल मेट्रो रेल परियोजना और इंदौर मेट्रो रेल परियोजना को मध्यप्रदेश राज्य में क्रियान्वित कर रहा है। तत्काल आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु MPMRCL द्वारा निम्नलिखित पद के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

1. General Manager/Additional General Manager (Traction)
2. Deputy General Manager (Security)

यह विज्ञापन केवल सांकेतिक है। रिक्त पदों का विस्तृत विवरण एमपीएमआरसीएल की वेबसाइट www.mpmetrorail.com के कैरियर विकल्प में उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया विज्ञापन क्र. 4662/HRD/MPMRCL-079/2026, दिनांक 09.09.2026 देखें। रिक्त पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10.10.2026 सायं 5:00 बजे तक है।

म.प्र. माध्यम/128012/2026 प्रबंध संचालक

जनसम्पर्क विभाग, मध्यप्रदेश

सुरक्षा उनकी जो हमें रखें जागरूक

पत्रकार स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना

प्रदेश के पत्रकार, फोटोग्राफर एवं कैमरामैन को स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा की सुरक्षा

- स्वास्थ्य बीमा ₹4 लाख और व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा ₹10 लाख का होगा। साथ ही स्वास्थ्य बीमा ₹2 लाख और व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा ₹5 लाख का भी विकल्प होगा। पत्रकार ₹4 लाख अथवा ₹2 लाख का बीमा करवा सकते हैं। 21 से 70 वर्ष की उम्र के संचार प्रतिनिधि इसके पात्र होंगे। पूर्व से बीमित पत्रकार 70 वर्ष की उम्र के बाद भी योजना के पात्र होंगे।
- बीमा एक साल के लिये किया जायेगा। 60 वर्ष तक के संचार प्रतिनिधि का वार्षिक बीमा प्रीमियम का 75% और 61 से 65 वर्ष के संचार प्रतिनिधियों का बीमा प्रीमियम का 85% भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा।
- पति, पत्नी, बच्चों (अधिकतम 25 वर्ष के तीन अविवाहित) एवं माता-पिता को निर्धारित प्रीमियम देने पर, योजना में शामिल किया जा सकेगा।
- बीमा पॉलिसी में पहले से विद्यमान सभी बीमारियाँ शामिल होंगी।
- जनसम्पर्क संचालनालय के अधिमान्य पत्रकारों के साथ ही संचार संस्थान का फॉर्म 16 एवं पी.पी.एफ. कटौत्रा की स्लिप देने वाले पत्रकारों को भी अधिमान्यता श्रेणी में पात्रता होगी।
- मध्यप्रदेश के मूल निवासी नई दिल्ली में कार्यरत पत्रकारों को भी योजना में पात्रता होगी।
- बीमा के लिये किये गये आवेदन-पत्र के साथ संलग्न प्रपत्र गलत पाये जाने पर किसी भी स्तर पर बीमा समाप्त किया जा सकेगा।
- गैर अधिमान्य पत्रकारों के लिये 50% प्रीमियम पत्रकार द्वारा और 50% राज्य सरकार द्वारा दिया जायेगा। इस श्रेणी में दैनिक समाचार-पत्र के चार, साप्ताहिक/पाक्षिक/मासिक पत्र-पत्रिका और इलेक्ट्रॉनिक एवं जनसम्पर्क संचालनालय/डी.ए.व्ही.पी. में पंजीकृत वेब मीडिया के दो-दो प्रतिनिधियों को योजना में पात्रता होगी। इसमें निर्धारित संख्यानुसार प्रथम प्राप्त 4/2 आवेदनों पर ही विचार किया जायेगा। आर.एन. आई. में रजिस्टर्ड नियमित पत्र-पत्रिकाओं के प्रतिनिधि पात्र होंगे।
- 65 वर्ष से अधिक उम्र के संचार प्रतिनिधियों का पूरा बीमा प्रीमियम राज्य सरकार द्वारा देय होगा।
- पॉलिसी के तहत बीमा कंपनी के चिन्हित अस्पतालों में इलाज की कैशलेस व्यवस्था होगी। जिसके लिये पत्रकारों को ई-कार्ड, ई-मेल के माध्यम से भेजा जायेगा। अस्पताल में इलाज के दौरान पत्रकारों को आधार कार्ड ले जाना जरूरी होगा।
- योजना का विवरण, प्रीमियम तालिका जनसम्पर्क की वेबसाइट www.mpinfo.org पर उपलब्ध है। प्रीमियम को NEFT कर यू.टी.आर. नंबर की जानकारी सहित अन्य पूरी जानकारी ऑनलाइन htttps://mdindiaonline.com/mpgovt/loginpage.aspx लिंक पर उपलब्ध फॉर्म में भरनी होगी। फॉर्म ऑफलाइन नहीं लिये जायेंगे। अधिमान्यता प्राप्त और गैर-अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों के अलग-अलग फॉर्म हैं, निर्धारित फॉर्म ही भरें।
- तालिका में पत्रकार पति-पत्नी एवं बच्चों का प्रीमियम जोड़कर दिया गया है। माता-पिता का प्रीमियम अलग से तालिकानुसार जोड़ना होगा।

नोट : अधिमान्य पत्रकारों की नई बीमा पॉलिसी 4 अक्टूबर 2026 और गैर अधिमान्य पत्रकारों की 1 नवम्बर 2026 से शुरू होगी।

संपर्क :
1. श्री एस.पी. नाग वरिष्ठ मण्डल प्रबंधक, भोपाल। **मो. 9677245634, 0755-2555338**
2. सक्षम अधिकारी यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस, भोपाल। **मो. 7305015820, फोन नं. 0755-2554804**
3. पत्रकार कल्याण शाखा, जनसम्पर्क संचालनालय, भोपाल। **फोन नं. 0755-4096320**
4. बीमा पॉलिसी के कार्ड और क्लेम संबंधी जानकारी के लिये- एमडी. इंडिया, **फोन नं. 0755-4936991** **मो. 7391054038 (अनिल)** एवं **8956129648 (अरुण मारन)** से संपर्क करें।
5. अधिक जमा प्रीमियम राशि हेतु : **ई-मेल uiicdo2bpl.jins@gmail.com.**

आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 25 सितम्बर 2026

नोट : यदि पत्रकार अपने परिवार के सदस्य/सदस्यों को भी योजना में शामिल कराना चाहते हैं, तो तालिका में दर्शाए गए आयु वर्ग के अनुसार प्रीमियम राशि यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम बैंक ऑफ इंडिया, सचिवालय ब्रांच, एम.पी. नगर, भोपाल **खाता क्र. 900520100000291, IFSC कोड-BKID 0009005, MICR कोड-462013006 में NEFT/UPI/Netbanking** के माध्यम से करें। Online जमा की गई राशि का UTR/Payment ID नंबर आवेदन-पत्र में भरें।

D-11110/26

पत्रकारों के हित में - मध्यप्रदेश सरकार